>

Title: Effect of levying excise duty on non-branded jewellery in the Budget proposals on small jewellers.

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): अध्यक्ष महोदया, आज पूरे देश में जो स्वर्णकार हैं, वे आंदोलन पर हैं। ...(व्यवधान) उनकी मांग है...(व्यवधान) सराफे का जो मामला है इससे एक लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हो जाएंगे।...(व्यवधान) जो गरीब लोग अपने घर में काम कर लेते हैं उनके सामने समस्या खड़ी हो जाएगी। ...(व्यवधान) इसलिए सबसे बेहतर है कि सरकार ने जो कानून, टैक्स बढ़ाया है उसे वापस लिया जाए।...(व्यवधान) सभी दलो के नेताओं से बात कर ली।...(व्यवधान) आप से भी बात कर ली।...(व्यवधान) त्योहार का मामला है।...(व्यवधान) मैं आपको आज बता सकता हूं कि इससे बहुत से लोग बेरोजगार हो जाएंगे।...(व्यवधान) स्वर्णकारों का आंदोलन जायज है। वास्तव में वे जो कह रहे हैं वे ऐसे ही नहीं कह रहे हैं।...(व्यवधान) लेकिन यह सरकार सुन नहीं रही है।...(व्यवधान) मेरी आपसे अपील है कि पूरे देश में जो अव्यवस्था फैल रही है ...(व्यवधान) सारे दुकानदार परेशान हो रहे हैं।...(व्यवधान) शादी-विवाह हो रहे हैं। ...(व्यवधान) शादी-विवाह में लोगों को कुछ न कुछ जेवर लेने पड़ते हैं।...(व्यवधान) नेता सदन समझदार हैं, सुलझे हुए हैं। इसलिए मेरी तरफ से मंत्री जी तक अपील पहुंचा दी जाए कि उनका आंदोलन जायज हो रहा है।...(व्यवधान) इससे पूरे देश में इंस्पैक्टर राज हो जाएगा और बहुत रिश्वतखोरी हो जाएगी।...(व्यवधान) इसलिए इसे वापिस लिया जाए।...(व्यवधान) सर्वदलीय बैठक करके कोई रास्ता निकाला जाए।...(व्यवधान)

डॉ. रतन सिंह अजनाला (खडूर साहिब): मैडम, मैं एक अहम मसले के बारे में बोलना चाहता हूं।...(व्यवधान) पंजाब में सब अखबारों में बलवंत सिंह राजोआना की फांसी के बारे में आया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अजनाला जी, आपकी आवाज नहीं आ रही है।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

-